सत्यमेव जयते

## राजस्थान सरकार

# परिवर्तित बजट 2024-2025

वित्त एवं विनियोग विधेयक

चर्चा पर

# श्री भजन लाल शर्मा

मुख्यमंत्री, राजस्थान

की घोषणाऐं

29 जुलाई, 2024

घोषणायें:

1. माननीय अध्यक्ष महोदय, अब मैं, नवीन घोषणायें प्रस्तावित कर रहा हूँ–

## आधारभूत संरचना :

## सड़क एवं परिवहन :

2. माननीय सदस्यों ने 23 जुलाई, 2024 को केन्द्र सरकार के बजट में ग्रामीण सड़कों से सम्बन्धित PMGSY (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना) सम्बन्धी घोषणा को सुना होगा। मैं, माननीय सदन के माध्यम से PMGSY 4.0 के अन्तर्गत प्रदेश के 2 हजार 500 से अधिक ग्रामीण बसावटों को सड़क से जोड़ने का प्रावधान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूँगा।

3. प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क और अधिक सुदृढ़ करने के प्रस्ताव विभिन्न क्षेत्रों की जनता से माननीय विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इन सभी पर विस्तृत तकनीकी Estimates बनवाये जाने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है। इसी क्रम में अब मैं, **एक हजार 100 करोड़ रुपये से अधिक** की राशि से विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन सम्बन्धी कार्य करवाये जाने की घोषणा करता हूँ। ये सड़कें हैं–

| क्र.सं. | सड़कें | लागत |
|---|---|---|
| 1. | कोटा–झालावाड़ NH पर दरा घाटी में रेलवे 2 साइड RUB का निर्माण | 15 करोड़ रुपये |
| 2. | NH नमाना रोड से वाया गादेगाल अंधेड़ होते हुए नमाना तक सड़क (9 किमी.)–बूंदी | 7 करोड़ 20 लाख रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | ठिकरियाकलां में नदी पर पुलिया निर्माण (तालेड़ा)–बूंदी | 4 करोड़ रुपये |
| 4. | मण्डावरा से झोटोली–सुल्तानपुर तक सड़क निर्माण (6 किमी.) (पीपल्दा)–कोटा | 5 करोड़ रुपये |
| 5. | आजनेश्वर महादेव मंदिर से जगदीश तक सड़क चौड़ाईकरण कार्य (11.50 किमी.) (भीम)–राजसमंद | 17 करोड़ 25 लाख रुपये |
| 6. | घाटोली से केलकोयरा सड़क के मध्य धारगंगा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य (मनोहरथाना) –झालावाड़ | 29 करोड़ 69 लाख रुपये |
| 7. | कचनारी गोवर्धनपुरा से गोपालपुरा सड़क (4.50 किमी.) (मनोहरथाना)–झालावाड़ | 5 करोड़ रुपये |
| 8. | रोटेदा से सोगरिया रोड पर रेलवे फाटक पर ROB का निर्माण (लाडपुरा)–कोटा | 55 करोड़ रुपये |
| 9. | छायण से टेकरा एवं छायण से फलोदी तक सड़क निर्माण–फलोदी | 12 करोड़ 40 लाख रुपये |
| 10. | उनियारा खुर्द से किशनपुरा वाया झाडली मनोहरपुरा जिला सीमा तक (ओ.डी.आर.–302) माईनिंग रोड (11.20 किमी.)–टोंक | 25 करोड़ 76 लाख रुपये |
| 11. | हनुमानजी का बाडिया से केरू तक सड़क (15 किमी) (लूणी)–जोधपुर | 20 करोड़ रुपये |
| 12. | धवा से दुन्दाड़ा सड़क (17 किमी.) (लूणी)–जोधपुर | 13 करोड़ रुपये |
| 13. | लूणी से दान्दिया तक सड़क (2 किमी.) (लूणी)–जोधपुर | 2 करोड़ रुपये |
| 14. | कोटा–कैथून–सांगोद–बपावर–कवाई–धरनावदा सड़क का चौड़ाईकरण कर दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस–वे के जंक्शन (बालापुरा) पर जोड़ते हुए बपावर–सांगोद –कैथून में बाईपास निर्माण की DPR | 2 करोड़ रुपये |
| 15. | होडापुरा, हरियानगर, सेमलीफाटक व करवरी कला में पुलिया निर्माण कार्य (किशनगंज)–बारां | 22 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | नोटाना (किशनपुरा) तकिया की पुलिया का निर्माण (लाडपुरा)–कोटा | 30 लाख रुपये |
| 17. | (MDR) 50 से नयाबास वाया खेड़ा, श्यामपुरा, रसनाली, बासदयाल, बास शेखावत तक सड़क (19.5 किमी.) (बानसूर)–अलवर | 25 करोड़ रुपये |
| 18. | ढोढी–बालाजी की थाक–पाचडा–धोरी–भौंरा–सुल्तानपुर निमोदा उजाड़ सड़क का उन्नयन (MDR-252) –कोटा | 55 करोड़ रुपये |
| 19. | श्रीगंगानगर–हिन्दुमलकोट सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (4 किमी.) | 4 करोड़ 31 लाख रुपये |
| 20. | सांगानेर–जयपुर में विभिन्न सड़क कार्य | 20 करोड़ रुपये |
| 21. | उदयपुर सिटी स्टेशन से कलक्टर निवास तक Elevated Road का कार्य | 210 करोड़ रुपये |
| 22. | बीसलपुर रिहेब कॉलोनी टाटोनिया में सड़क निर्माण–टोंक | 50 करोड़ रुपये |
| 23. | नदबई–भरतपुर में विभिन्न सड़क कार्य | 18 करोड़ रुपये |
| 24. | अटारी से गगवाना; पिगोरा से गगवाना सीसी सड़क (6.5 किमी.) (नदबई)–भरतपुर | 3 करोड़ 60 लाख रुपये |
| 25. | 2 लेन बाईपास बागावास (MDR-81) सड़क फ्रेट टर्मिनल बधाल (किशनगढ़ रेनवाल)–जयपुर | 10 करोड़ रुपये |
| 26. | चौरासी क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के कार्य–डूंगरपुर | 24 करोड़ रुपये |
| 27. | झुंझुनूं क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के कार्य | 26 करोड़ रुपये |
| 28. | सवाई माधोपुर क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के कार्य | 22 करोड़ रुपये |
| 29. | महवा–दौसा क्षेत्र की शहरी एवं ग्रामीण सड़कों के कार्य | 20 करोड़ रुपये |
| 30. | दौसा क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के कार्य | 24 करोड़ रुपये |
| 31. | खींवसर क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के कार्य–नागौर | 18 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | सांगोद–कोटा में विभिन्न नालों का निर्माण कार्य | 2 करोड़ 76 लाख रुपये |
| 33. | केनपुरा से शिवपुरा वाया लाम्बेश्वर महादेव (सुमेरपुर)–पाली | 1 करोड़ 70 लाख रुपये |
| 34. | खटुकड़ा से नादाना भाटान तक सड़क निर्माण–(सुमेरपुर)–पाली | 2 करोड़ 8 लाख रुपये |
| 35. | NH-52 से अल्फा नगर बरधा डेम तक सड़क निर्माण (9 किमी.)–बूंदी | 7 करोड़ 20 लाख रुपये |
| 36. | सलेमपुर से बालोती–डाबरा–शेखपुरा–गोठरा–बरवासन देवी–नरौली–कैलादेवी सड़क मय हाईलेवल ब्रिज (30 किमी.)–करौली | 60 करोड़ रुपये |
| 37. | नापासर से रामसर सड़क का उन्नयन व चौड़ाईकरण (10 किमी.) (लूणकरणसर)–बीकानेर | 6 करोड़ 75 लाख रुपये |
| 38. | देवली–उनियारा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य–टोंक | 19 करोड़ रुपये |
| 39. | मालासर से आसलसर (6 किमी.), राजासर पंवारान से सोनपालसर (7 किमी.), गिडगिचिया से हरियासर घड़सोतान (4 किमी.) (सरदारशहर)–चूरू | 6 करोड़ रुपये |
| 40. | पीपलखूंट से केलामेला सड़क का चौड़ाईकरण | 18 करोड़ रुपये |
| 41. | उम्मेदगंज से डाढ़ देवी तक सीसी रोड (5 किमी.) (लाडपुरा)–कोटा | 3 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 42. | भावठडी से हरियाणा बॉर्डर वाया देवी के मंदिर होकर (3 किमी.) (सूरजगढ़)–झुंझुनूं | 1 करोड़ 20 लाख रुपये |
| 43. | बीकानेर शहर की सड़कों का मरम्मत कार्य | 8 करोड़ रुपये |
| 44. | निवाई से बनवाड़ा वाया खणदेवत–डांगरथल–रम्भा–रामकिशनपुरा–जयकिशनपुरा सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण (25.7 किमी.)–टोंक | 22 करोड़ रुपये |
| 45. | डग–झालावाड़ में एमडीआर सड़क का चौड़ाईकरण कार्य | 7 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 46. | राजकीय चिकित्सालय देवली से कुचलवाड़ा माताजी मंदिर तक सड़क का चौड़ाईकरण मय नाला व डिवाइडर सीसी सड़क का निर्माण (4 किमी.) (जहाजपुर)—शाहपुरा | 15 करोड़ रुपये |
| 47. | चांदणोली—ऐदलकी—खिरजी कांकड़ तथा मलारनाचौक जीएसएस से गोपी मीणा की ढाणी होते हुए श्रीपुरा तक सड़क (10 किमी.)—सवाई माधोपुर | 5 करोड़ रुपये |
| 48. | मिसिंग लिंक ग्रामीण बाईपास रोड लेदिया मोड (गैरई रोड)—गोकलपुर मोड (सपोटरा रोड)—बालाजी घाटी (गंगापुर रोड NH-23 ) तक (4.5 किमी.)—करौली | 3 करोड़ 45 लाख रुपये |
| 49. | (SH-134) त्रिवेणी चौराहा—जहाजपुर देवली रोड का उन्नयन कार्य (18 किमी.)—शाहपुरा | 30 करोड़ रुपये |
| 50. | तख्तगढ़ में मुख्य सड़क का नवीनीकरण, फुटपाथ एवं नाला निर्माण कार्य—पाली | 12 करोड़ 34 लाख रुपये |
| 51. | सरसिया से भुंवार सड़क का चौड़ाईकरण व सुदृढ़ीकरण (7.5 किमी.) (जहाजपुर)—शाहपुरा | 11 करोड़ रुपये |
| 52. | धरियावद में विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य—प्रतापगढ़ | 7 करोड़ रुपये |
| 53. | आगरा रोड—जयपुर की कॉलोनियों में सड़क निर्माण सम्बन्धी कार्य (25 किमी.) | 12 करोड़ रुपये |
| 54. | बरलुट—सियाणा—आकोली—नुन—बाकरा—रेवतड़ा (MDR-334) तक (8 किमी.)—जालोर | 8 करोड़ रुपये |
| 55. | बिशनगढ़ बालवाड़ा काठाड़ी सीमा तक सड़क नवीनीकरण (9 किमी.)—जालोर | 2 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 56. | आहोर से सनवाड़ा—चरली; देबावास से सराणा—आईपुरा; तथा गुड़ा इन्द्रपुरा से गोगरा तक सड़क निर्माण कार्य (21 किमी.) (आहोर)—जालोर | 8 करोड़ 40 लाख रुपये |
| 57. | भिवाड़ी सड़क (SH-25) पर टोल नाके की शिफ्टिंग | Toll Tenure के आधार पर |
| 58. | अटरू—बारां में बाईपास निर्माण की DPR | 10 लाख रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 59. | अलवर के आस–पास ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण | 5 करोड़ 4 लाख रुपये |
| 60. | छबड़ा–कुम्भराज सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (30 किमी.)–बारां | 42 करोड़ रुपये |
| 61. | पनोता–सिवाड़ा–सिवास–धेनड़ी–पिलोवनी भादरलाऊ से सोमेसर सड़क मय पुल (मारवाड़ जंक्शन) –पाली | 46 करोड़ रुपये |
| 62. | दोरासर से सैनिक स्कूल–झुंझुनूं तक सड़क (2.5 किमी.)–झुंझुनूं | 3 करोड़ 4 लाख रुपये |
| 63. | हरियानगर की पुलिया एवं हरियानगर गांव तक सड़क निर्माण (किशनगंज)–बारां | 2 करोड़ 25 लाख रुपये |
| 64. | इन्द्रपुरा से गोगरा तक सड़क निर्माण (6 किमी.) (आहोर)–जालोर | 2 करोड़ 40 लाख रुपये |
| 65. | सामोल से आत्मा तक सड़क चौड़ाईकरण (3 किमी.) –राजसमंद | 3 करोड़ रुपये |
| 66. | जेके स्कूल एमडी से नहर होते हुए भट्टखेड़ा मुख्य सड़क चौड़ाईकरण (2.20 किमी.)–राजसमंद | 2 करोड़ 50 लाख रुपये |

4. ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को भी शहरी क्षेत्रों के समकक्ष सुविधायें प्राप्त हो सकें, इस हेतु हमारे द्वारा सतत् रूप से प्रयास किये जायेंगे। इसी कड़ी में, प्रथम चरण के रूप में 10 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में Cement Concrete के **'अटल प्रगति पथ'** निर्मित किये जाने की घोषणा करता हूँ। इस हेतु 2 वर्षों में **एक हजार करोड़ रुपये** का व्यय प्रस्तावित है।

5. बड़े शहरों में Public Transport की सुविधा के उन्नयन के लिए 500 e-Buses लिए जाने की घोषणा की गई थी। अब मैं, इस संख्या को बढ़ाकर प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के लिए **एक हजार e-Buses** उपलब्ध करवाये जाने की घोषणा करता हूँ।

6. साथ ही, प्रदेश में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ किये जाने तथा यातायात को सुगम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। ये कार्य हैं–

| क्र.सं. | सड़क सुरक्षा एवं यातायात सम्बन्धी कार्य |
|---|---|
| 1. | परिवहन विभाग में mobility सुधार के साथ ही 25 नई Flying Squads गठित किये जाने हेतु 100 वाहन क्रय किये जाना |
| 2. | प्रत्येक जिले में नवीनतम Technology आधारित Automated Driving Test Track (ADTT) के संचालन हेतु 15 करोड़ रुपये का प्रावधान |
| 3. | सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु Identified 30 black spots एवं 4 high accident prone corridors का सुधार कार्य |
| 4. | Stage Carriage वाहनों का coverage बढ़ाने के लिए उपनगरीय श्रेणी के 40 नये मार्ग |

नगरीय विकास :

7. प्रदेश के बड़े शहरों के विकास को गति देने की दृष्टि से बीकानेर एवं भरतपुर में UIT (Urban Improvement Trust) का उन्नयन कर **Development Authority** का गठन करने की घोषणा करता हूँ। साथ ही, समस्त नगरीय निकायों में जन सुविधा के कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से सम्पादित हो सकें, इसलिए जिला स्तर पर **जिला नगरीय आयुक्त (District Municipal Commissioner)** भी नियुक्त किया जाना प्रस्तावित करता हूँ।

8. जयपुर के सौन्दर्यीकरण के साथ ही, Water Conservation को बढ़ाने की दृष्टि से **द्रव्यवती नदी** का विकास किये जाने के लिए नवीन योजना बनाकर कार्यवाही की जानी प्रस्तावित है।

9. दस हजार से अधिक आबादी वाले कस्बों व आसपास के गांवों को सम्मिलित करते हुए चरणबद्ध रूप से 100 कलस्टरों में Faecal Sludge Management के कार्य करवाये जायेंगे।

10. प्रदेश में सीवरेज एवं ड्रेनेज सम्बन्धी विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। ये कार्य हैं–

| क्र.सं. | सीवरेज सम्बन्धी कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1. | सूरजगढ़–झुंझुनूं में सीवरेज लाइन का कार्य | 20 करोड़ रुपये |
| 2. | सांगोद–कोटा में सीवरेज लाइन का कार्य | 20 करोड़ रुपये |
| 3. | चेचट एवं खैराबाद कस्बे में क्षतिग्रस्त नालों की सफाई एवं पुनर्निर्माण का कार्य (रामगंजमंडी)–कोटा | 3 करोड़ रुपये |
| 4. | दौसा शहर में सीवरेज मास्टर प्लान | 50 करोड़ रुपये |

11. बालोतरा एवं पाली में treated water को औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाने के लिए 43 किलोमीटर Water Line System विकसित किया जायेगा।

12. बनेड़ा–शाहपुरा, गजसिंहपुर–श्रीगंगानगर, कनवास (सांगोद) –कोटा एवं पोकरण– जैसलमेर में रोडवेज बस स्टैण्ड सम्बन्धी कार्य करवाये जायेंगे।

पेयजल :

13. प्रदेश में पेयजल सुविधा हेतु **लगभग 540 करोड़ रुपये** की लागत से विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। ये कार्य हैं–

| क्र.सं. | पेयजल सम्बन्धी कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1. | आरजीएलसी स्रोत (पीएस–08) से रोहट तक राईजिंगमेन पाइप लाइन (फेज–द्वितीय) का कार्य | 75 करोड़ 52 लाख रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | बीसलपुर पेयजल योजना में अजमेर (फेज–III) –जयपुर (फेज–II) के लिए कॉमन इन्टेक वेल मय ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण | 265 करोड़ 25 लाख रुपये |
| 3. | मालपुरा में 3 उच्च जलाशय, राईजिंग एवं वितरण मेन पाइप लाइन का निर्माण कार्य | 35 करोड़ रुपये |
| 4. | टोडारायसिंह में 100 LPCD से पर्याप्त दबाव से पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु 3 उच्च जलाशय, राईजिंग व वितरण मेन पाइप लाइन कार्य–केकड़ी | 30 करोड़ रुपये |
| 5. | देवली शहर में 4 उच्च जलाशय, पम्प हाउस, वितरण मेन पाइप लाइन का निर्माण कार्य | 26 करोड़ रुपये |
| 6. | ताकली बांध में पेयजल के लिए पानी आरक्षित करवाने एवं विस्तृत सर्वे तथा डीपीआर का कार्य (रामगंजमंडी)–कोटा | 25 लाख रुपये |
| 7. | कुम्भलगढ़ क्षेत्र के गांवों हेतु बेडच नाका परियोजना का कार्य–राजसमंद | 60 करोड़ रुपये |
| 8. | नगरीय जल योजना पोकरण–जैसलमेर का पुनर्गठन कर नई पाइपलाइन, ईएसआर एवं पम्पिंग मशीनरी (पोकरण)–जैसलमेर | 37 करोड़ 46 लाख रुपये |
| 9. | बहरोड में पेयजल सप्लाई कार्य | 11 करोड़ 33 लाख रुपये |

14. प्रदेशवासियों को उपलब्ध करवाये जा रहे पेयजल की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने की दृष्टि से–

I. विभागीय Water Testing Labs को राष्ट्रीय स्तर का बनाया जाकर NABL से मान्यता प्राप्त करने हेतु इस वर्ष लगभग 15 करोड़ 50 लाख रुपये का व्यय किया जायेगा।

II. साथ ही, Water testing samples को Geo Tagging कर online किया जायेगा।

ऊर्जा :

15. माननीय सदस्यों को जानकर प्रसन्नता होगी कि हमारे द्वारा प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 24 जुलाई, 2024 को जैसलमेर के पोकरण में 400 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रारम्भ कर Discoms को सस्ती बिजली मिलना प्रारम्भ हो चुकी है। इसी क्रम में शीघ्र ही **SCLL** (Singareni Collieries Company Limited) और GAIL से भी MoUs करते हुए 4 हजार 100 MW (मेगावॉट) क्षमता का सृजन किया जायेगा।

16. केन्द्र सरकार के सहयोग से कृषकों के खेत पर 'कुसुम परियोजना'/HAM Model के माध्यम से **एक हजार मेगावॉट** अतिरिक्त उत्पादन किये जाने की मैं, घोषणा करता हूँ। साथ ही, प्रदेश में HAM Model पर बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) का कार्य हाथ में लिया जाकर चरणबद्ध रूप से **लगभग 2 हजार मेगावॉट** विद्युत उत्पादन क्षमता सृजित की जानी प्रस्तावित है।

17. ऊर्जा उत्पादन के लिए निजी क्षेत्र को अतिरिक्त प्रोत्साहन देते हुए Captive Power उत्पादन की सीमा को 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत किये जाने की घोषणा करता हूँ।

18. हमारे द्वारा किये गये त्वरित प्रयासों के फलस्वरूप फीडर सेग्रीगेशन के अन्तर्गत कृषि और घरेलू कनेक्शनों को पृथक–पृथक करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 7 हजार 900 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दिये जाने पर माननीय प्रधानमंत्री महोदय का धन्यवाद करना चाहूँगा। इससे घरेलू उपयोग के लिए 24 घंटे निर्बाध बिजली देने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, विद्युत प्रसारण तंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु विभिन्न क्षमता के GSS स्थापित किये जाने प्रस्तावित हैं। ये GSS हैं–

| क्र.सं. | जीएसएस |
|---|---|
| 1. | **400 केवी जीएसएस–**<br>खोहरामुल्ला एवं मातासूला के मध्य (महवा–टोडाभीम के मध्य) |
| 2. | **132 केवी जीएसएस–** सांकड़ा, सत्याया फांटा (पोकरण)–जैसलमेर, सेमली (नगर)–डीग, खरनाल तेजाजी (खींवसर)–नागौर, |
| 3. | **132 केवी जीएसएस का 220 केवी जीएसएस में क्रमोन्नयन–**<br>आंधी (जमवारामगढ़)–जयपुर |
| 4. | **33 केवी जीएसएस–**बिहारीपुर–नीमकाथाना, भूणी, आगुंता, कुचामन सिटी–डीडवाना कुचामन, सिरथला, जयश्री–डीग व नाटौज (कठूमर)–अलवर |

**औद्योगिक विकास एवं खनन :**

19. युवा उद्यमियों को वित्तीय सम्बल के साथ रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने तथा औद्योगिक विकास की गति को तेज करने के लिए **युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना** के अन्तर्गत 6 प्रतिशत ब्याज पुनर्भरण हेतु ऋण की सीमा को बढ़ाकर **2 करोड़ रुपये** किये जाने की घोषणा करता हूँ।

20. दस्तकारों को और अधिक संबल प्रदान करने के लिए **पीएम विश्वकर्मा योजना** के अन्तर्गत कारपेंटर, मूर्तिकार, कुम्हार, राजमिस्त्री सहित 18 Trades के दस्तकारों को उपलब्ध कराये जा रहे 5 प्रतिशत की दर पर ऋण हेतु 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिये जाने की घोषणा करता हूँ। इस वर्ष एक लाख दस्तकारों को लाभान्वित कर लगभग 20 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान दिया जायेगा।

21. खुशियारा–बारां व पण्डेर (जहाजपुर)–शाहपुरा में औद्योगिक पार्क एवं अजमेर में IT Park स्थापित किये जाने प्रस्तावित हैं।

22. अप्रधान खनिज की processing से जुड़े हुए उद्योगों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके वार्षिक शुल्क को 25 हजार रुपये से घटाकर 15 हजार रुपये तथा Transit Pass हेतु निर्धारित शुल्क 10 रुपये प्रति Transit को घटाकर 2 रुपये प्रति Transit करने की घोषणा करता हूँ।

23. उद्यमियों को paid sampling की सुविधा प्रदान करने के लिए बांसवाड़ा, बूंदी, हनुमानगढ़, झालावाड़, जयपुर, जैसलमेर, झुंझुनूं, नागौर, राजसमंद, सवाई माधोपुर व सिरोही में Labs स्थापित की जायेंगी। साथ ही, सभी labs को NABL से प्रमाणित कराया जायेगा।

शिक्षा, युवा एवं खेल :

24. माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से इस वर्ष के केन्द्र के बजट में युवाओं की Skilling एवं Apprenticeship के लिए समुचित प्रावधान किये गये हैं। इस **PM's Package** के अन्तर्गत प्रदेश के 2 लाख 50 हजार से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है।

25. युवाओं को अपने भविष्य सम्बन्धी आशंका से मुक्ति दिलाने की दृष्टि से भर्ती में लगने वाले समय को कम करना आवश्यक है। इस उद्देश्य से भर्ती परीक्षाओं के बाद दस्तावेज सत्यापन सम्बन्धित विभाग के स्तर पर किये जाने के साथ ही, विज्ञप्ति उपरान्त भी रिक्तियों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि के प्रावधान को बढ़ाते हुए 100 प्रतिशत तक करने की मैं, घोषणा करता हूँ।

26. प्रदेश के युवाओं को सरकारी भर्तियों में अधिक अवसर प्राप्त हो सकें, इस हेतु Common Eligibility Test **(CET)** के प्रावधान बदलते हुए Qualification हेतु समस्त श्रेणियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 35 प्रतिशत अंक किये जाने की घोषणा करता हूँ। साथ ही, सरकारी कार्यालयों की efficiency में सुधार के साथ ही, ऐसे युवाओं जिनको शिक्षा के समुचित अवसर प्राप्त नहीं हुए, उन्हें भी सरकारी नौकरी का अवसर देने की दृष्टि से वर्षों से अटकी हुई चतुर्थ श्रेणी की भर्ती नियमों का परिवर्तन किया जाकर भर्ती की जायेगी।

27. युवाओं की समस्त आवश्यकताओं यथा–बेरोजगार युवाओं के पंजीयन, रोजगार मेलों के आयोजन, exposure visit हेतु आवेदन एवं मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के संचालन आदि के दृष्टिगत One Stop Solution के रूप में **Employment Exchange Management System (EEMS)-2.0** पोर्टल तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

28. प्रदेश में शिक्षा के विस्तार की दृष्टि से नवीन महाविद्यालय/ पॉलिटेक्निक महाविद्यालय/संकाय/विषय शुरू किये जाने, महाविद्यालयों का क्रमोन्नयन एवं विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा सम्बन्धी विभिन्न कार्य किये जाने प्रस्तावित हैं। ये कार्य हैं–

| क्र.सं. | महाविद्यालय/पॉलिटेक्निक/छात्रावास |
|---|---|
| 1. | **नवीन महाविद्यालय**–कोटडी (जहाजपुर)–शाहपुरा, लाखेरी (केशोरायपाटन)–बूंदी, कालवाड़, बनीपार्क–जयपुर, बदनोर–भीलवाड़ा, झवर–जोधपुर |

| | |
|---|---|
| | **नवीन कन्या महाविद्यालय**–निम्बाहेड़ा–चित्तौड़गढ़, चाडो की ढाणी (सिणधरी)–बालोतरा व अनूपगढ़<br>**UG से PG में क्रमोन्नयन**–राजकीय महाविद्यालय पाटन–नीमकाथाना<br>**नवीन विषय/संकाय**–राजकीय बालिका महाविद्यालय (आर.डी. गर्ल्स कॉलेज)–भरतपुर में स्नातकोत्तर में विज्ञान व कॉमर्स संकाय के विषय |
| 2. | **कृषि महाविद्यालय**–बालाहेड़ा (महवा)–दौसा |
| 3. | **नवीन छात्रावास/आवासीय विद्यालय**–<br>बाली–पाली में एकलव्य आवासीय विद्यालय<br>जहाजपुर–शाहपुरा में जनजाति छात्रावास भवन का निर्माण<br>सरसिया (जहाजपुर)–शाहपुरा में जनजाति बालिका छात्रावास<br>नांगल प्यारीवास–दौसा में अनुसूचित जनजाति छात्रावास<br>अकलेरा (मनोहरथाना)–झालावाड़ में अनुसूचित जाति छात्रावास<br>कुचामनसिटी–डीडवाना कुचामन में देवनारायण आवासीय विद्यालय<br>आंधी (जमवारामगढ़)–जयपुर में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय<br>जैसिंधर स्टेशन–बाड़मेर में आवासीय विद्यालयों की क्षमता वृद्धि |
| 4. | **पॉलिटेक्निक महाविद्यालय**–<br>मेड़ता सिटी–नागौर व लाडपुरा–कोटा में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय तथा अलवर शहर में महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय |

29. समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों हेतु–

I. विद्यालयों में विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के लिए wheel chair की व्यवस्था करवायी जायेगी।

II. साथ ही, 10 से अधिक विशेष योग्यजन विद्यार्थियों वाले स्कूल में एक Care Attendant उपलब्ध करवाया जायेगा।

30. NCC Cadets को विभिन्न प्रकार के Camps के दौरान मैसिंग भत्ता 150 रुपये से बढ़ाकर 220 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन किया जाना प्रस्तावित है।

31. बाली–पाली, खींवसर–नागौर तथा लोहावट, बापिनी, देचू–फलोदी में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य :

32. प्रदेश में Super-Speciality चिकित्सा को नये आयाम देने के लिए RUHS (Rajasthan University of Health Sciences) का उन्नयन कर AIIMS–दिल्ली की तर्ज़ पर **Rajasthan Institute of Medical Sciences (RIMS)** की स्थापना किये जाने की घोषणा करता हूँ। इस पर चरणबद्ध रूप से 750 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।

33. प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के उन्नयन के लिए विभिन्न चिकित्सा संस्थानों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन किया जायेगा। ये संस्थान हैं–

| क्र.सं. | चिकित्सा संस्थान/आयुष संस्थान |
|---|---|
| 1. | उप जिला चिकित्सालय से जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन–<br>मालपुरा–टोंक |
| 2. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन–<br>अनूपगढ़ |
| 3. | जी.एन.एम. नर्सिंग कॉलेज–अजमेर |
| 4. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन–<br>इटावा, रामगंजमण्डी–कोटा |
| 5. | सैटेलाइट चिकित्सालय–<br>सांगरिया–जोधपुर |

| | |
|---|---|
| 6. | **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नयन–**<br>सिरोही, नेठराना (भादरा)–हनुमानगढ़, जसवंतगढ़ (लाडनूं)–डीडवाना कुचामन, रेण (मेड़ता)–नागौर, पूनमनगर–जैसलमेर, भाड़ौती–सवाई माधोपुर, भाद्राजून (आहोर)–जालोर, ताल (देवगढ़)–राजसमंद, भण्डारी (सिकराय)–दौसा व शिवाजी पार्क (शहरी पीएचसी)–अलवर |
| 7. | **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**–जावली (लक्ष्मणगढ़)–अलवर |
| 8. | **उप स्वास्थ्य केन्द्रों का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नयन–**<br>बांसेडा व उनियारा खुर्द (टोडारायसिंह)–केकड़ी, भन्दर (बाली)–पाली, रायमला–जैसलमेर व मेलबा (धवा), मणाई (केरू)–जोधपुर |
| 9. | **नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र–**<br>गुलासर (खींवसर)–नागौर |
| 10. | **बेड क्षमता वृद्धि–**<br>जिला चिकित्सालय–डीडवाना की बेड क्षमता बढ़ाकर 300 करना<br>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पल्लू–हनुमानगढ़ एवं डाबी–बूंदी में 30 से 50 बेड क्षमता |
| 11. | **ट्रोमा सेंटर–**<br>कल्याणपुर (पचपदरा)–बालोतरा व रायसर (जमवारामगढ़)–जयपुर |
| 12. | **आयुष विंग–**<br>राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS)–जयपुर में आयुष विंग की स्थापना<br>**आयुर्वेदिक औषधालय**–खखावली (नगर)–डीग |

34. श्रीगंगानगर व मेडिकल कॉलेज–कोटा में कैंसर मरीजों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक Linear Accelerator Machines उपलब्ध करवायी जायेंगी।

35. हमारे द्वारा 10 जुलाई, 2024 को प्रस्तुत बजट में Electropathy विधा के सम्बन्ध में आवश्यक परीक्षण कर कार्यवाही करने की घोषणा की गई

थी। इसी क्रम में, समुचित परीक्षण उपरान्त अब मैं, हमारी गत सरकार के कार्यकाल में लाये गये राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत Electropathy Board का गठन किया जाकर प्रथम चरण के रूप में 5 करोड़ रुपये का प्रावधान करना प्रस्तावित करता हूँ।

सामाजिक सुरक्षा :

36. हमारे द्वारा जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को संबल प्रदान करने के लिए 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' तथा 'BPL' श्रेणी के परिवारों को 450 रुपये मात्र में LPG Cylinder उपलब्ध कराया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी की पहल के कारण सम्भव हुई इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए **सभी राशन का गेहूँ प्राप्त करने वाले परिवारों अर्थात् NFSA के लाभान्वितों को 450 रुपये में LPG Cylinder** उपलब्ध करवाने की घोषणा करता हूँ।

37. **PM Awas Yojana 2.0** के अन्तर्गत प्रदेश के 2 लाख से अधिक अल्पआय एवं मध्यमवर्ग के शहरी परिवारों को चरणबद्ध रूप से लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है।

38. साथ ही, अधिसूचित कच्ची बस्तियों में पक्के आवासों से वंचित निवासरत परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से '**आश्रय योजना**' (Atal In-situ Slum Housing Redevelopment Yojana–ASHRY) शुरू कर स्वयं के पक्के आवास निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा **एक लाख रुपये** की सहायता राशि प्रदान किये जाने की घोषणा करता हूँ। इस पर 50 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

पर्यटन, कला एवं संस्कृति :

39. प्रदेशवासियों की आस्था के केन्द्रों तथा पेनोरमा एवं बावड़ियों के विकास कार्य करवाये जाने प्रस्तावित हैं। ये आस्था केन्द्र व पेनोरमा हैं–

| क्र.सं. | आस्था केन्द्र/पेनोरमा/बावड़ी सम्बन्धी कार्य |
|---|---|
| 1. | वीर हनुमान मंदिर (सामोद)–जयपुर, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर–दौसा, दधिमति माता मंदिर गोठ मांगलोद (जायल)–नागौर तथा दत्तात्रेय मंदिर (कुम्हेर)–डीग में विकास कार्य |
| 2. | नीलकण्ठ महादेव–दौसा के लिए रोप–वे का निर्माण |
| 3. | महंगेश्वर महादेव मंदिर–महंगी एवं दांत माता मंदिर (जमवारामगढ़)–जयपुर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण सम्बन्धित कार्य |
| 4. | विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री कोलायत जी एवं श्री करणी माता मंदिर (देशनोक)–बीकानेर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित |
| 5. | **पेनोरमा निर्माण कार्य–**<br>श्री महावीर जी पेनोरमा–करौली, श्री विद्यासागर जी महाराज पेनोरमा –अजमेर, श्री भक्त शिरोमणि करमा बाई पेनोरमा (कालवा)–डीडवाना कुचामन, श्री जसनाथजी पेनोरमा (कतरियासर)–बीकानेर, श्री खेमा बाबा पेनोरमा (बायतू)–बालोतरा, श्री भामाशाह पेनोरमा–चित्तौड़गढ़, श्री राव चन्द्रसेन पेनोरमा–जोधपुर, गोविन्द स्वामी पेनोरमा (अटारी), श्री गोकुला जाट पेनोरमा, राजा खेमकरण पेनोरमा–भरतपुर, आदिवासी पेनोरमा–दौसा तथा जैसलमेर पेनोरमा–जैसलमेर के निर्माण कार्य |
| 6. | **बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य–**<br>धूलारावजी बावड़ी एवं बोरा की बावड़ी (जमवारामगढ़)–जयपुर का जीर्णोद्धार कार्य |

40. राजस्थान के साहित्य विशेषकर राजस्थानी साहित्य की पहचान को और आगे ले जाने की दृष्टि से हर वर्ष **'विजयदान देथा साहित्य उत्सव'** मनाये जाने की घोषणा करता हूँ।

वन एवं पर्यावरण :

41. काले हिरणों के संरक्षण हेतु शाहपुरा जिले के आशोप क्षेत्र को आखेट निषिद्ध व कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र घोषित किया जाना प्रस्तावित है।

42. Rajasthan State Pollution Control Board में Adjudicating Officers की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही, जयपुर एवं जोधपुर में Rajasthan State Pollution Control Board के नवीन क्षेत्रीय कार्यालय शुरू किये जायेंगे।

43. 'Green Co-rating Scheme' के अन्तर्गत Health Care Facility, Hotels एवं Group Housing Projects को भी सम्मिलित किया जाकर validity तथा Fees के प्रावधानों के तहत लाभ दिया जाना प्रस्तावित है।

कृषि, ग्रामीण विकास एवं कृषक कल्याण :

44. कृषकों को सौर ऊर्जा के साथ drip/sprinkler irrigation की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से इस वर्ष एक लाख अतिरिक्त किसानों को लाभान्वित करते हुए **एक हजार करोड़ रुपये से अधिक** का व्यय कर 2 लाख 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल को सिंचित किये जाने की घोषणा करता हूँ।

45. प्रदेश में किसानों के लिए सिंचाई सुविधा की दृष्टि से विभिन्न कार्य करवाये जाने प्रस्तावित हैं। ये कार्य हैं–

| क्र.सं. | सिंचाई सम्बन्धी कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1. | सावनभादो नहर में शेष मुख्य नहर की वितरिकाओं के जीर्णोद्धार के कार्य (तृतीय चरण) (सांगोद)–कोटा | 15 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | जुल्मी, उण्डवा, देवलीखुर्द, धरनावद एवं मण्डा ग्राम पंचायतों (रामगंजमंडी)–कोटा की मध्यम सिंचाई परियोजना की डीपीआर का कार्य | 40 लाख रुपये |
| 3. | देवरी जिन्हा तालाब के कार्य (किशनगंज)–बारां | 25 करोड़ रुपये |
| 4. | सुराघाटा फीडर–ब्यावर के जीर्णोद्धार की डीपीआर | 10 लाख रुपये |
| 5. | अनूपगढ़ शाखा प्रणाली (खाजूवाला) के शेष क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार का कार्य | 100 करोड़ रुपये |
| 6. | फुटिया बांध (बाली)–पाली के जीर्णोद्धार एवं बांध की ऊँचाई बढ़ाये जाने सम्बन्धी कार्य | 15 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 7. | बनाकिया एनिकट निर्माण–चित्तौड़गढ़ | 6 करोड़ रुपये |
| 8. | छोटी कालीसिंध व चाचुर्णी नदी से चौमहला क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हेतु डीपीआर (गंगधार)–झालावाड़ | 55 लाख रुपये |
| 9. | अरणियाली लिफ्ट माईनर पर किमी. 17 से आगे बने नहरी तंत्र में सुधार कार्य (गुड़ामालानी)–बाड़मेर | 20 करोड़ रुपये |
| 10. | मनोहरथाना में धारगंगा नदी पर ग्राम सरडा में MST निर्माण कार्य | 35 करोड़ रुपये |
| 11. | भालता (अकलेरा)–झालावाड़ में छापी मध्यम सिंचाई परियोजना से सिंचाई सुविधा हेतु सर्वे एवं डीपीआर का कार्य | 82 लाख रुपये |
| 12. | कल्याणपुरा–झालावाड़ में सोलर आधारित फव्वारा पद्धति से लघु सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य | 80 करोड़ 65 लाख रुपये |
| 13. | गागरीन मध्यम सिंचाई परियोजना में उपलब्ध जल से ग्राम पंचायत हेमडा, मंगीसपुर व औसाव के लगभग 5 हजार 65 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सोलर आधारित फव्वारा पद्धति से सिंचाई सुविधा का कार्य | 94 करोड़ रुपये |
| 14. | भाखड़ा व गंग नहर में खाले सम्बन्धी कार्य–श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ | 50 करोड़ रुपये |

46. नदियों के किनारे भूमि कटाव को रोकने हेतु अटरू–बारां सहित 5 स्थानों पर जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण के माध्यम से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित हैं।

47. राज्य में अक्षय ऊर्जा के प्रोत्साहन तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को सुविधा देने की दृष्टि से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के काश्तकारों द्वारा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में भूमि के उपयोग हेतु भूमि–रूपान्तरण सम्बन्धी प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है।

48. कृषि कनेक्शन के ऐसे आवेदक, जिन्होंने सामान्य योजना के अन्तर्गत कृषि विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया है तथा आवेदन के उपरान्त उस क्षेत्र को नगर पालिका घोषित कर दिया है, तो ऐसे आवेदकों में जिनके कनेक्शन ब्लॉक सप्लाई फीडर से जारी किये जायेंगे, को पूर्व की भांति सामान्य योजना की दरों पर ही कनेक्शन जारी किया जायेगा।

49. किसान भाइयों की सुविधा के लिए फसल सम्बन्धी, रोगों सम्बन्धी तथा विपणन सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए Online **राज–किसान साथी Platform** विकसित करने के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। साथ ही, काश्तकारों के बकाया सिंचाई शुल्क में मूल राशि एकमुश्त 31 दिसम्बर, 2024 तक जमा करवाने पर 31 मार्च, 2024 तक देय ब्याज माफ करने की घोषणा करता हूँ।

50. परबतसर–डीडवाना कुचामन, सेडवा (चौहटन)–बाड़मेर व भाड़ौती–सवाई माधोपुर में कृषि मण्डी खोली जानी प्रस्तावित हैं। साथ ही, प्रदेश में वनस्पतियों की बेहतर प्रजातियों के विकास हेतु **150 बीज बैंकों** की स्थापना प्रस्तावित है।

51. प्रदेश में **गौवंश संरक्षण** व संवर्धन की दृष्टि से पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में **10 प्रतिशत की वृद्धि** किये जाने की मैं, घोषणा करता हूँ।

52.	किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने तथा उन्हें संगठित सहकारी डेयरी से जोड़ने हेतु 2 हजार दुग्ध संकलन केन्द्र खोले जायेंगे। साथ ही, चरणबद्ध तरीके से आगामी 2 वर्षों में बल्क मिल्क कूलर्स की स्थापना कर 3 लाख लीटर प्रतिदिन प्रशीतलन क्षमता की वृद्धि की जानी प्रस्तावित है।

53.	प्रदेश में पशु चिकित्सा सुविधा के विस्तार हेतु विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थान खोले/क्रमोन्नत किये जायेंगे। ये संस्थान हैं—

| क्र.सं. | पशु चिकित्सा संस्थान |
|---|---|
| 1. | **बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय**—बहरोड़ |
| 2. | **पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन**—<br>बिरलोका (खींवसर)—नागौर तथा भगवतगढ़ (खंडार)—सवाई माधोपुर |
| 3. | **पशु चिकित्सा उप केन्द्र से पशु चिकित्सालय क्रमोन्नयन**—<br>घोहंडी (महवा)—दौसा, गुस्सांईसर (लूणकरणसर)—बीकानेर |
| 4. | **नवीन पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र**—गाडोली (जहाजपुर)—शाहपुरा |

सुशासन :

54.	प्रदेश में राजस्व एवं कर सम्बन्धी अपीलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए संस्थागत सुदृढ़ीकरण करते हुए अजमेर/जयपुर स्थित **राजस्व मंडल एवं कर बोर्ड का एकीकरण** किये जाने की घोषणा करता हूँ।

55.	प्रदेश में अपराध एवं कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्यवाही सम्भव हो सके, इस दृष्टि से राज्य स्तरीय, 100 seater **'अभय कमांड सेंटर'** की स्थापना करते हुए 500 अतिरिक्त **Central Mobile दल** उपलब्ध करवाने की घोषणा करता हूँ।

56. अपराधियों को बिना कोई मौका दिये शीघ्र–अतिशीघ्र पकड़ने की दृष्टि से Police Force की Agility एवं Mobility बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से **DG Police** एवं सम्बन्धित उच्च अधिकारियों को देय **Security Fund** (गुप्त सुरक्षा निधि) की राशि को **दुगुना** किये जाने की घोषणा करता हूँ।

57. सुरक्षा के साथ–साथ गश्त व निगरानी के लिए तिजारा–खैरथल में Border Homeguards की एक कम्पनी तैनात की जानी प्रस्तावित है।

58. केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर देने के साथ ही देश सेवा का भी जज्बा उत्पन्न करने के लिए अग्निवीर योजना लायी गई। साथ ही, इन अग्निवीर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दृष्टि से केन्द्रीय सशस्त्र बलों में इनकी नियुक्ति की भी व्यवस्था की गई है। इसी तर्ज़ पर प्रदेश में इन अग्निवीर युवाओं को पुलिस/RAC/जेल प्रहरी/वनरक्षक में नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान करने की घोषणा करता हूँ।

59. वर्ष 2024–25 हेतु केन्द्र सरकार के बजट में भूमि सुधारों को और आगे ले जाते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में Land Records के Digitalization हेतु घोषणा की गई है। इसी क्रम में हमारे द्वारा जमाबंदी में भूमि धारक का आधार एवं खसरों हेतु भू–आधार का अंकन किया जाना तथा ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में नक्शों को GIS आधारित किये जाना प्रस्तावित है।

60. पंजीयन कार्य में गत वर्षों में वृद्धि होने के बाद भी वर्ष 2008 से डीड राइटर्स की भर्ती नहीं हुई है। अब पंजीयन कार्य को समयबद्ध रूप से कर

आमजन को राहत देने के साथ ही युवाओं को अतिरिक्त जीविकोपार्जन के अवसर उपलब्ध करवाने की दृष्टि से मैं, नियमों का सरलीकरण करते हुए **डीड राइटर्स की संख्या दुगुनी** कर 5 हजार किये जाने की घोषणा करता हूँ।

61. प्रदेश में उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण की दृष्टि से बाट–माप से सम्बन्धित व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करते हुए नवीन **IT Platform** की स्थापना तथा **Mobile App** की सुविधा दिया जाना प्रस्तावित है।

62. प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के कारण cyber security का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में प्रदेश में साइबर सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न कदम उठाये जायेंगे। ये हैं–

| क्र.सं. | साइबर सुरक्षा सम्बन्धी कार्य |
|---|---|
| 1. | Centre of Excellence for Cyber Security के अन्तर्गत Threat Hunting, Digital Forensic एवं Sand Boxing/Simulation की सुविधायें |
| 2. | Data Centre के अन्तर्गत Security Operation Centre (SOC) का उन्नयन |
| 3. | समस्त विभागों/संस्थाओं में honeypot Sensors |
| 4. | केन्द्र के CERT-IN की तर्ज़ पर **राज्य कम्प्यूटर सुरक्षा घटना प्रतिक्रिया संचालन केन्द्र (CSIRT)** का गठन |

63. क्षेत्रीय कार्यालयों के coverage के उन्नयन के लिए विभिन्न प्रशासनिक, पुलिस इकाइयों एवं न्यायालयों की स्थापना व क्रमोन्नयन किया जायेगा। ये इकाइयाँ/न्यायालय हैं–

| क्र.सं. | इकाइयां/कार्यालय |
| --- | --- |
| 1. | **ऊर्जा विभाग–**<br>**कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का सहायक अभियंता (विद्युत) में क्रमोन्नयन**–चला–नीमकाथाना<br>**सहायक अभियंता (विद्युत) कार्यालय**–साण्डेराव (सुमेरपुर)–पाली, चौखा (लूणी)–जोधपुर, पूगल (खाजूवाला) –बीकानेर, रानपुर (रीको)<br>**अधिशाषी अभियंता (विद्युत) कार्यालय**–सुमेरपुर शहर–पाली, कठूमर–अलवर |
| 2. | **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग–**<br>**सहायक अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय–**<br>सीकरी–डीग व भिवाड़ी<br>**अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय–**<br>नगर–डीग, सांगोद–कोटा |
| 3. | **राजस्व विभाग–**<br>**उप तहसील कार्यालय**–भीरानी (भादरा)–हनुमानगढ़, खोहरामुल्ला (महवा)–दौसा<br>**उप तहसील का तहसील में क्रमोन्नयन–**<br>भैरूंदा–नागौर, जयसमंद–सलूम्बर |
| 4. | **सांख्यिकी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय–**<br>शेष रही पंचायत समितियों में ब्लॉक कार्यालय |
| 5. | **नवीन नगर पालिका**–खण्डार–सवाई माधोपुर, घड़साना–अनूपगढ़, पहाड़ी–डीग, सिणधरी–बालोतरा |
| 6. | **नवीन पुलिस चौकी**–सुकेत रोड (रामगंजमंडी)–कोटा, बराखन (टाटगढ़)–ब्यावर<br>**नवीन पुलिस थाना**–जामडोली–जयपुर<br>**पुलिस चौकी का पुलिस थाने में क्रमोन्नयन**–ताथेड (लाडपुरा)–कोटा |
| 7. | **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय का कैम्प कोर्ट**–सांगोद–कोटा<br>**अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय–**<br>उनियारा–टोंक व चौहटन–बाड़मेर |

64. प्रदेश के विभिन्न विभागों के कार्यालयों/ इकाइयों के भवन निर्माण, मरम्मत तथा अन्य सुविधाओं सम्बन्धी कार्य करवाये जायेंगे। ये कार्य हैं–

| क्र.सं. | भवन निर्माण/अन्य सुविधा सम्बन्धी कार्य |
|---|---|
| 1. | **स्वास्थ्य इकाइयों के निर्माण सम्बन्धी कार्य–**<br>• **उप स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण**–दलतपुरा, मोटलावास (दांतारामगढ़), माधोपुरा, हरीपुरा–सीकर<br>• **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण कार्य**–डांसरोली (दांतारामगढ़)–सीकर व बुर्जा (मालाखेड़ा), रसगण (रामगढ़) –अलवर<br>• एमडीएम चिकित्सालय–जोधपुर का मरम्मत कार्य<br>• BCMO कार्यालय (भीनमाल)–जालोर<br>• सीएचसी (रायसिंहनगर)–अनूपगढ़ में एक्सरे व लैब आदि निर्माण,<br>• सीएचसी (समेजा कोठी)–अनूपगढ़ में ओपीडी रूम, लैब आदि की मरम्मत |
| 2. | **शिक्षा इकाइयों के भवन/कार्यालय निर्माण कार्य–**<br>• पी.जी. कॉलेज–टोंक का पुनर्निर्माण कार्य<br>• महाविद्यालय सांभरलेक (फुलेरा)–जयपुर<br>• सीबीईओ कार्यालय (खानपुर)–झालावाड़ |
| 3. | **राजस्व इकाइयों के भवन निर्माण कार्य–**<br>• उपखण्ड कार्यालय दांतारामगढ़–सीकर में कॉन्फ्रेन्स हॉल<br>• उपखण्ड (विजयनगर)–अनूपगढ़ में मीटिंग हॉल, रिकॉर्ड रूम सुविधा सम्बन्धी कार्य<br>• उपखण्ड एवं तहसील कार्यालय एवं निवास, बाड़ी–धौलपुर<br>• तहसील कार्यालय, रामगढ़–अलवर<br>• उप तहसील कार्यालय–कोलारी (सेपऊ), मरैना (राजाखेड़ा) –धौलपुर व कस्बा डहरा–अलवर |
| 4. | **पुलिस हेतु सुविधा–**<br>• पुलिस की नई इकाइयों हेतु 250 लांगरी पदों का सृजन<br>• राज्य स्तर पर खेल निधि हेतु 1 करोड़ रुपये का प्रावधान |

| | |
|---|---|
| 5. | विभागीय कार्यालयों के भवन निर्माण सम्बन्धी कार्य–<br>अधिशाषी अभियंता कार्यालय भवन खण्ड (टोडाभीम)–गंगापुरसिटी |

65. गत सरकार द्वारा गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट आज भी परीक्षणाधीन है। अब मैं, इस समिति की वेतन सुधार/वेतन विसंगति सम्बन्धी शेष सभी सिफारिशों को 1 सितम्बर, 2024 से लागू करने की घोषणा करता हूँ।

66. Rajasthan Contractual Hiring to Civil Posts Rules, 2022 के अन्तर्गत सृजित पदों के नियमित पदों में परिवर्तित किये जाने पर उन पदों पर नियुक्ति हेतु 5 वर्ष के अनुभव की निर्धारित पात्रता अवधि में वर्ष 2024–25 में 2 वर्ष की छूट प्रदान की जानी प्रस्तावित है।

67. प्रदेश में अधिक आयु वाले पेंशनर्स को सम्बल देने की दृष्टि से 75 वर्ष से अधिक आयु पर अधिक दर से पेंशन की सुविधा प्राप्त है। इस क्रम में, पेंशनर्स को और राहत देते हुए 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए **5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता** दिये जाने की घोषणा करता हूँ।

68. हमारे द्वारा इस वर्ष के बजट में अपने Journalist साथियों के लिए भी कुछ सुविधायें प्रावधित की गई थीं। इसी क्रम में अब मैं, उनके बच्चों को **उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना** प्रारम्भ करने की घोषणा करता हूँ।

69. हमारी न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ रखने में 'BAR' के वकील साथियों की महती भूमिका है। इनके व इनके परिवारों के जरूरत के समय हमारी सरकार हमेशा इनके साथ रहने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दृष्टि से मैं, 'BAR Council' को एकबारीय सहायता के रूप में 7 करोड़ 50 लाख रुपये प्रदत्त करने की घोषणा करता हूँ।

70. प्रदेश में आमजन के हितों की रक्षा, उनके खुशहाल जीवन तथा प्रदेश के विकास के पथ पर ले जाने में विधायिका की सबसे बड़ी भूमिका है। कई वर्तमान एवं पूर्व माननीय विधायकों द्वारा मेरे समक्ष वेतन व पेंशन सम्बन्धी समस्या एवं सुझाव लाये गये हैं। इस क्रम में मैं, माननीय विधायकगण को प्राप्त होने वाले वेतन तथा पेंशन में प्रति वर्ष स्वतः वृद्धि का प्रावधान जोड़े जाने की घोषणा करता हूँ। साथ ही, जयपुर स्थित नए विधायक आवासों में अतिरिक्त सुविधा देने की दृष्टि से Rooftop Solar Plant लगाये जाने प्रस्तावित हैं।

71. माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे पूरा विश्वास है कि विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में हमें आमजन के साथ–साथ विपक्ष के साथियों का सकारात्मक सहयोग मिलेगा तथा प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को छुयेगा। अन्त में, मैं कहना चाहूँगा–

''है प्रण यही, 'छूटे न पीछे एक भी', मिलकर कदम बढ़ायेंगे।
कोई न रहे ग़रीब–वंचित, सबको आगे लायेंगे।
रोशन कर विद्या के मंदिर, ज्ञान का उजियारा फैलायेंगे।
'हर पल बढ़े राजस्थान' के नारे से, कीर्ति ध्वजा फहरायेंगे।।

खेत–खलिहान लहराकर, धरापुत्र की बढ़ाये मुस्कान।
सपने हों साकार सभी के, सबका हो सम्मान।
देश नहीं दुनिया में भी, अद्वितीय बनेगा राजस्थान।
हर बच्चा हर जन बोलेगा अब, जय–जय राजस्थान।।
जय–जय राजस्थान।।''

–: जय हिन्द :–

**सबसे पहले, सबसे तेज अपडेट देने वाला एक मात्र शिक्षा चैनल**

शैक्षणिक समाचार, विभागीय आदेश, सभी भर्ती प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित रोजगार समाचार व समस्त दैनिक समाचार-पत्रों की महत्वपूर्ण शिक्षा संबंधित पेपर कटिंग्स की ऑथेंटिक, सही, सटीक व सबसे तेज अपडेट प्राप्त करने के लिए एकमात्र विश्वसनीय चैनल/ग्रुप से नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से जुड़े ।

WhatsApp

CHANNEL

GROUP

⬆️ ऊपर दिए गए लिंक button पर क्लिक करें और जुड़े शिक्षा विभाग से ।